INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 6 3rd Lang.	**Department: Hindi**	**Date of submission:**
Question bank and Grammar	**Topic- छुट्टी नहीं ली मैंने**	**Note: Please complete your work.**

अभ्यास (*Exercises*)

1. सही विकल्प चुनिए *Choose the correct option -----*

क. जल को भाप कौन बनाता है ?

सूर्य　　चंद्रमा　　तारे　　इंद्रधनुष

ख. इंद्रधनुष में कितने रंग होते है ?

पाँच　　छह　　सात　　चार

ग. सूर्यग्रहण के समय सूर्य के आगे कौन खड़ा हो गया था ?

तारा　　चंद्रमा　　ग्रह　　धरती

उत्तर= क. सूर्य　　ख. सात　　ग. चंद्रमा

2. सही शब्दों से वाक्य पूरे कीजिए |

Complete the sentences with the correct words.

बादल
आकाश
इंद्रधनुष
सूर्यग्रहण

क. .... लगने पर अँधेरा हो जाता है |

ख. भाप वायुमंडल की ठंडक से .... बन जाती है |

ग. वर्षा के बाद .... दिखाई देता है |

घ. .... कितना सुंदर लग रहा है |

उत्तर= क. सूर्यग्रहण　　ख. बादल　　ग. इंद्रधनुष　　घ. आकाश

3. विलोम शब्द | Opposite Words.

सरदी -	गरमी	बड़ा -	छोटा
मोटा -	पतला	नया -	पुराना
काला -	सफ़ेद	सूखा -	गीला

4. हिंदी अर्थ लिखिए | (Write Hindi Meanings.)

Artist-	कलाकार	Steam-	भाप
Picture-	चित्र	Rain-	वर्षा
Moon -	चंद्रमा	Colour-	रंग
River -	नदी	Clouds-	बादल

5. वर्तनी शुद्ध कीजिए | (Correct the spellings.)

सूर्य	-	सूर्य	अंधेरा	-	अँधेरा
तलाब	-	तालाब	इँद्रधनुष	-	इंद्रधनुष
असमानी	-	आसमानी	चीत्रकार	-	चित्रकार

6. वाक्य बनाइए | (Make sentences.)

सूर्य - सूर्य हमें गरमी देता है ।

चंद्रमा - चंद्रमा का प्रकाश शीतल होता है ।

बादल - आसमान में काले-काले बादल छा गए ।

तालाब - तालाब का पानी सूख गया ।

समुद्र - समुद्र का पानी खारा होता है ।

7. वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए |

क. जिसका अंत न हो -	अनंत
ख. जो कभी न मरे -	अमर
ग. जिसका कोई कारण न हो -	अकारण
घ. चित्र बनाने वाला -	चित्रकार
ङ. देश की रक्षा करने वाला -	सैनिक
च. जिसमे बहुत शक्ति हो -	शक्तिशाली

8. दिए गए वाक्यों में उचित कारक चिह्न भरिए |

I. मोहन ...... चूहे को डंडे .... मारा |

II. पेड़ .... बंदर बैठा है |

III. रीता .... बिल्ली .... दूध पिलाया |

IV. मेरा घर विद्यालय .... पास है |

V. दादी जी बाज़ार .... बच्चों .... खिलौने लाईं |

VI. आकाश....... बादल देखकर मोर ख़ुशी....... नाच उठे |

VII. पानी .... मछलियाँ तैर रही हैं |

VIII. हमारी गरमी .... छुट्टियाँ जून ...... होंगीं |

I. ने, से
II. पर
III. ने, को
IV. के
V. से, के लिए
VI. में, से
VII. में
VIII. की, में

9. विशेषण शब्द रेखांकित कीजिए | (उत्तर)

क. राजन के पिता ने नई गाड़ी खरीदी हैं		नई
ख. अतुल का भाई शरारती है		शरारती
ग. मीना बाज़ार से बीस पेंसिल ले कर आई		बीस
घ. हमारे घर के बाहर विशाल वृक्ष है।	विशाल
ङ. पाँच लड़के बगीचे में खेल रहे हैं		पाँच
च. टोकरी में से कुछ सेब उठा लाओ।	कुछ

प्रश्नोत्तर

क. बादल कैसे बनते हैं ?

उत्तर = सूर्य की गर्मी से सभी जल स्रोतों का जल गरम होकर भाप बन जाता है और भाप ऊपर की ठंडक से जमकर बादल बन जाता है ।

ख. इंद्रधनुष के रंगों के नाम क्रम से लिखिए ।

उत्तर = लाल, नारंगी, पीला, हरा, आसमानी, नीला, बैंगनी |

ग. इंद्रधनुष में रंग भरने का काम कौन करता है ?

उत्तर = इंद्रधनुष में रंग भरने का काम सूर्य करता है । वर्षा के बाद जब सूर्य की किरणें पानी की बूँदों पर पड़ती हैं तो वे सात रंगों में अलग हो जाती हैं; ये सात रंग हमें इन्द्रधनुष के रूप में दिखाई देते हैं ।

घ. सूर्य आपके सामने होता तो आप उससे क्या पूछते ?

उत्तर = यदि सूर्य मेरे सामने होता तो मैं उससे पूछता कि

1 आप इतने गर्म क्यों हो?

2 आप चारों तरफ़ रोशनी क्यों फैलाते हो?

3 आप इतने चमकीले क्यों हो?

4 आप इतने बड़े व गोल क्यों हो?

◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆